भारत सरकार

खान मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2798

दिनांक 20.12.2023 को उत्तर देने के लिए

हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड

†2798. डॉ. जयंत कुमार राय:

श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, खेतड़ीनगर की खराब अवसंरचना सुविधाओं की समीक्षा की है;
(ख) यदि हां, तो क्या चार दशक पुराने आवासीय क्वार्टर/भवन के खराब रख-रखाव के कारण रहने योग्य नहीं है और जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं तथा इससे उन कर्मचारियों के जीवन को खतरा है जो परिसर से बाहर रहने के लिए मजबूर हो गए हैं;
(ग) यदि हां, तो कुल क्वार्टरों, खाली क्वार्टरों का श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है, गत तीन वर्षों के दौरान कितने क्वार्टरों की मरम्मत की गई है, कितने क्वार्टर मरम्मताधीन हैं, कितनी धनराशि खर्च की गई है और निर्धारित समय में सभी क्वार्टरों की मरम्मत करने की समय-सीमा क्या है;
(घ) क्या खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स में पानी की भारी कमी है जिससे जीवन कठिन हो गया है और यदि हां, तो इस संबंध में क्या उपचारात्मक उपाय किए गए हैं;
(ङ) क्या एचसीएल की मुनाफे की स्थिति को देखते हुए एचसीएल, खेतड़ीनगर में 'जीवन को सुगम बनाने' को सुनिश्चित करने के लिए क्वार्टरों के रख-रखाव/मरम्मत का कार्य शुरू करने और नियमित जलापूर्ति प्रदान करने की तत्काल आवश्यकता है; और
(च) यदि हां, तो एचसीएल द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए जा रहे हैं/उठाए जाने की योजना है?

उत्तर

खान, कोयला एवं संसदीय कार्य मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) से (ग) जी, हां। खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स, खेतड़ी नगर की अवसंरचनात्मक सुविधाओं की समीक्षा की गई है। डी, ई और एफ प्रकार के क्वार्टरों के कुछ भवन हैं जो 50 वर्ष से अधिक पुराने हैं और रहने लायक नहीं हैं और उन्हें किसी को आवंटित नहीं किया गया है। आवंटन के बाद, केसीसी के पास अभी भी अधिशेष रहने लायक भवन हैं जो राज्य/केंद्र सरकार के कर्मचारियों को आवंटित किए गए हैं तथा पूर्व कर्मचारियों और अन्य को अल्पकालिक पट्टे पर भी दिया गया है। केसीसी के 529 कर्मचारियों (01.12.2023 की स्थिति के अनुसार) के लिए क्वार्टरों की कोई कमी नहीं है।

केसीसी में क्वार्टरों की कुल संख्या इस प्रकार है:

क्वार्टर का प्रकार	आवंटित क्वार्टरों की कुल संख्या	रिक्त	कुल
ए	5	1	6
बी	49	1	50
सी	246	54	300
डी	668	292	960
ई	1651	1220	2871
एफ	297	355	652
पारगमन (ट्रांजिट) आवास	182	233	415
कुल	**3098**	**2156**	**5254**

पिछले तीन वर्षों में 187 क्वार्टरों के मरम्मत कार्य पर कुल 1.33 करोड़ रुपये व्यय किये गये हैं। इसके अलावा, बी और सी प्रकार के क्वार्टरों की मरम्मत के लिए 84 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं।

(घ) से (च) पिछले वर्ष गर्मियों में केसीसी की टाउनशिप में पानी की भारी कमी के दृष्टांत थे। तथापि, अप्रैल, 2023 के बाद से, राजस्थान सरकार से प्रति दिन 4 मिलियन लीटर पानी की अतिरिक्त आपूर्ति ने इस समस्या को समाप्त कर दिया है।

*****